दिनांक : 29.12.2024 समय : 02.10PM

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि संविधान हमारे लिए मार्गदर्शक है और यह बड़े गर्व की बात है कि भारतीय संविधान के अगले वर्ष 26 जनवरी को 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि संविधान समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले वर्ष 13 जनवरी से प्रयागराज में महाकुंभ होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में लाखों संत, हजारों परंपराए और कई अखाड़ा सहित करोड़ों लोग एक साथ एकत्रित होते हैं। उन्होंने लोगों से समाज में विभाजन और विद्वेष की भावना को नष्ट करने का संकल्प लेने का भी आह्वान किया। महाकुंभ का संदेश, एक हो पूरा देश का नारा देते हुए उन्होंने गंगा के निर्बाध प्रवाह की तरह अविभाजित समाज की उम्मीद भी व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि इस बार प्रयागराज में देश और विश्वभर के श्रद्धालु डिजिटल महाकुंभ के भी साक्षी बनेंगे। उन्होंने एआई और डिजिटल नेवीगेशन पर जोर दिया

राजनाथ सिंह-इंदौर

केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज अपने दो दिवसीय दौरे पर इंदौर पहुंचे। श्री सिंह डॉ. अम्बेडकर नगर, महू में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं। वे रात्रि विश्राम महू में ही करेंगे। वे कल सुबह उज्जैन जाएंगे। दोपहर में उज्जैन से वापस इंदौर आकर वे दिल्ली के लिये रवाना होंगे।

सीएम खेल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश में जिला एवं राज्य स्तरीय ओलम्पिक खेल आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय और राज्य स्तरीय ओलम्पिक खेलों के आयोजन से प्रदेश की ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को भी आगे आने का सुनहरा मौका मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि खेल, शिक्षा का ही एक अभिन्न हिस्सा है। खेल और खिलाडियों का विकास हमेशा ही हमारी सरकार की प्राथमिकता में रहा है। सरकार इनके विकास में कोई कसर नहीं रखेगी।

मौसम

प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान कई क्षेत्रों में बारिश होने की खबर है। कई स्थानों पर लगातार दूसरे दिन मावठा गिरा। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, सागर, नर्मदापुरम और रीवा संभाग के कई जिलों में बारिश हुई। कई जगहों पर ओले भी गिरे। जिससे फसलों को नुकसान होने की खबरें आई हैं। बारिश के चलते जबलपुर, रीवा, रायसेन, खंडवा और उमरिया समेत कई शहरों की मंडियों में रखे अनाज भीग गए। इसके अलावा भोपाल, खजुराहो, नौगांव, सतना, टीकमगढ़, दमोह, सीधी, खंडवा, पचमढ़ी, सागर, रायसेन, धार, इंदौर, मंडला में भी बारिश हुई। मंदसौर, नीमच, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना और श्योपुर जिले में भी कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हुई।

क्रिकेट

मेलबर्नमें भारत के साथ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के चौथे क्रिकेट टैस्ट मैच के चौथे दिन आज आस्ट्रेलिया ने अपनी पारी में 228 रन बनाए हैं। इससे पहले आज भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने शानदारप्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया के

चार खिलाड़ियों को आउट किया। उन्होंने ट्रेविसहेड और मिचेल मार्श को एक ही ओवर में आउट करके टेस्ट क्रिकेट में अपने दो सौ विकेट पूरे किए। मोहम्मद सिराज ने भी अच्छा खेल दिखाते हुए उस्मान ख्वाजा और स्टीव स्मिथको आउट किया।

शतरंज हम्पी

न्यूयॉर्क में भारत की ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने इंडोनेशिया की इरीन सुकंदर को हराकर विश्व रैपिड और ब्लिट्ज चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। हम्पी ने 11वें राउंड में 8 दशमलव 5 अंक हासिल करके टूर्नामेंट में जीत हासिल की। कोनेरू हम्पी, चीन की जू वेनजुन के बाद यह खिताब एक से ज्यादा बार जीतने वाली दूसरी खिलाड़ी बन गई है। हम्पी ने इससे पहले 2019 में जॉर्जिया में यह प्रतियोगिता जीती थी।

पुरुष वर्ग में, रूस के वोलोडर मुर्ज़िन ने यह चैंपियनशिप अपन नाम की है। मुर्ज़िन की जीत ने उन्हें नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव के बाद दूसरा सबसे कम उम्र का फिडे विश्व रैपिड चैंपियन बना दिया है।

समाचार संक्षेप में .....

नर्मदापुरम जिले में समर्थन मूल्य पर अब तक रिकॉर्ड 87 हजार 688 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। बेमौसम बारिश की वजह से केंद्रों पर खुले में रखे हुए 1 हजार 423 मीट्रिक टन धान भीगा।

गुना जिले में बोरवेल में गिरे 9 साल के बच्चे की रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई।

खंडवा जिले के ग्राम सरलिया में कल आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मृत्यु हो गई। वहीं दो अन्य घायल हैं।

....